भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3786
(दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए)

ओडिशा में दूरदर्शन और आकाशवाणी का विस्तार

3786. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा में, विशेषकर दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों में दूरदर्शन और आकाशवाणी प्रसारण अवसंरचना का प्रसार करने के लिए परियोजनाएं आरंभ की हैं;

(ख) यदि हां, तो राज्य में नए प्रसारण केन्द्रों, ट्रांसमीटर उन्नयन अथवा डिजिटलीकरण के प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन पहलों का ओडिशा में ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए सूचना और मनोरंजन तक पहुंच में सुधार करने के संबंध में क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (ग): वर्तमान में, ओडिशा राज्य में 28 आकाशवाणी प्रसारण केंद्र और 1 दूरदर्शन केंद्र हैं। ओडिशा के दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों सहित देशभर में प्रसार भारती के नेटवर्क का विस्तार, आधुनिकीकरण, उन्नयन और डिजिटलीकरण एक सतत प्रक्रिया है, जो वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए अनुमोदित प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) स्कीम के अंतर्गत किया जा रहा है। ये केंद्र राज्य के लोगों के लिए स्थानीय मनोरंजन और समाचार सामग्री का एक बड़ा स्रोत हैं। हाल ही में डीडीके भुवनेश्वर ने डीडी ओडिया चैनल पर लोगों तक उनकी मूल भाषा में सटीक और विश्वसनीय जानकारी पहुंचाने के लिए एक साप्ताहिक संथाली न्यूज बुलेटिन लॉन्च किया है, जो भाषा समावेशिता और सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देगा।

*****